डोलोरेस और भयानक आग

एक सच्ची कहानी

एंड्रयू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेलर

डोलोरेस और भयानक आग

एक सच्ची कहानी

एंड्र्यू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेलर

काइल एक पुराने घर में रहता था.
सालों तक वह एकदम अकेला रहा था.

फिर उसे एक बिल्ली का बच्चा पाला.
उसने उसका नाम डोलोरेस रखा.

कुछ बिल्लियाँ उठाए जाना और लोगों
की गोद में बैठना पसंद करती हैं.
लेकिन डोलोरेस ऐसी नहीं थी.
उसे दुलारना तक नापसंद था.

लेकिन काइल को इससे कोई आपत्ति नहीं थी.
काइल को अपना घर डोलोरेस के साथ
साझा करना पसंद था.
डोलोरेस उसके साथ टेबल पर बैठकर
खाना खाती थी.

काइल ने डोलोरेस को
नए घर का चप्पा-चप्पा
खोजते हुए देखता था.
उसे डोलोरेस को बड़ा
होते हुए देखना
अच्छा लगता था.

और हर बार जब
काइल घर वापिस आता
तो डोलोरेस दरवाजे पर
उससे मिलती थी.

कभी-कभी
डोलोरेस डरी हुई लगती.
तब काइल कहता,
"सबकुछ ठीक-ठाक है, डोलोरेस.
तुम डरो मत."

काइल रात को घर की
सारी लाइटें जलाकर छोड़ देता था.
उससे डोलोरेस को
अच्छा लगता था.

एक रात जब काइल
सो रहा था, तो
डोलोरेस ने कुछ अजीब किया.

डोलोरेस ने काइल के सिर पर कूदी
और उसने उसे खरोंचा.
धीरे-धीरे काइल जागा.

काइल ने अपनी आँखें खोलीं
और वो उठकर बैठा.

उसने सोचा,
"मैंने लाइटें जली छोड़ी थीं.
फिर इतना अँधेरा क्यों है?"

फिर उसने धुआँ देखा!
सारे कमरे काले धुएँ से
भरे हुए थे!

काइल ठीक से देख नहीं पा रहा था.
उसे साँस लेना भी मुश्किल हो रहा था.
उसे वहाँ से जल्दी से बाहर निकलना था!

केवल पिछला दरवाज़ा ही बाहर
निकलने का एकमात्र रास्ता था.
डोलोरेस, काइल के पीछे-पीछे थी.
काइल पीछे के दरवाज़े की ओर चला.

काइल फ़र्श पर
हाथ फेरते हुए आगे बढ़ा.
उसने डोलोरेस को
अपने पैरों के ठीक बगल में
महसूस किया.

आखिरकार वह
पिछले दरवाज़े तक पहुँचा.

जब काइल ने दरवाज़े की कुंडी खींची,
तो वो टूटकर उसके हाथों में आ गई.
वे बुरी तरह फँस गए थे!

काइल ने दरवाज़े को धक्का दिया,
लेकिन उसे कमज़ोरी महसूस हुई.
और काइल फ़र्श पर गिर गया.
काइल मुश्किल से साँस ले पा रहा था.

फिर से, डोलोरेस ने
काइल को खरोंचा.
फिर से काइल धीरे-धीरे उठा.
काइल खड़ा हुआ.
अंत में उसने बंद दरवाजे को
एक आखिरी धक्का दिया.

इस बार, दरवाजा खुल गया.

जब काइल बाहर आया,
तो डोलोरेस वहाँ नहीं थी.
डोलोरेस ने उसकी जान बचाई थी,
लेकिन वो खुद कहाँ थी?

फायर ब्रिगेड वालों ने
काइल की सांस लेने में मदद की.
उससे काइल ने बेहतर महसूस किया,
लेकिन डोलोरेस अभी भी गायब थी.

तीन घंटे बाद एक दमकलकर्मी आया.
उसके पास एक तौलिये में कुछ लिपटा था.
उसने कहा, "यह आपके पीछे
दरवाजे के बिल्कुल पास ही थी."

काइल ने देखा
और उसकी आँखें आँसुओं
से भर गईं.
वो डोलोरेस थी.

वह बुरी तरह से जल गई थी,
लेकिन वह अभी भी जीवित थी.
तीन दिनों तक डोलोरेस
लगभग मृत लग रही थी.
उसकी आँखें जलकर बंद हो गई थीं,
और उसका बहुत सारा फर जल गया था.

फिर चौथे दिन डोलोरेस ने
अपनी आँखें खोलीं और थोड़ा दूध पिया.
काइल ने कहा,
"मुझे उम्मीद है कि डोलोरेस बच जाएगी."

काइल ने डोलोरेस की अच्छी देखभाल की.
धीरे-धीरे वह ठीक हो गई.
फिर डोलोरेस को
काइल की जान बचाने के लिए
एक पुरस्कार मिला.

आग के हादसे के बाद डोलोरेस
अब इतनी डरी हुई नहीं थी.
अब उसे काइल की गोद में बैठना
और उसका सहलाना भी पसंद था.

काइल ने कहा,

"मैंने उस भयानक आग में अपना

लगभग सब कुछ खो दिया था.

लेकिन मेरी दो सबसे महत्वपूर्ण चीजें नहीं खोईं -

एक मेरी अपनी जान और

दूसरी मेरी बिल्ली डोलोरेस की जान."

अंत